RANGER'S STATE-LEVEL NIPUN TESTING CAMP

Students of Shaheed Captain Vikram Batra Government College Palampur Showcase Talent at Rangers Nipun Training Camp

Eight Rangers from the Rover- ranger Unit of *Shaheed* Captain Vikram Batra Government College Palampur participated in the State-Level Nipun Testing Camp held at the Bharat Scouts and Guides Training Center, Rewalsar, from December 9, 2025, to December 14, 2025. All participants successfully cleared the examination and earned the 'Nipun' badge. In his address, College Principal Professor Pankaj Sood stated that such camps play a vital role in character building, developing leadership skills, and fostering a spirit of social service among students, while also preparing them for lifelong experiences. Providing further details, Ranger Leader Professor Kiran mentioned that this was a proficiency-level training camp focused on the holistic development of the Rangers. The activities included personality development, first aid, social responsibility, pioneering skills, outdoor survival skills, and mastering the art of tying and utilizing various types of knots.

Under the guidance of the Rangers Leader Professor the rangers actively participated and delivered outstanding performances in various activities organized during the camp.

राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की छात्राओं ने रेंजर्स निपुण प्रशिक्षण कैंप में दिखाई उत्कृष्ट प्रतिभा

हिमाचल मीडिया। पालमपुर। अमित शर्मा। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर्स-रेंजर्स इकाई की छात्राओं ने भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में 9 से 14 दिसंबर 2025 तक आयोजित राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस कैंप में महाविद्यालय की 8 रेंजर्स ने भाग लेकर सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की और निपुण बैज अर्जित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। रेंजर लीडर प्रोफेसर किरण ने जानकारी दी कि यह दक्षता स्तर का प्रशिक्षण कैंप था, जिसमें व्यक्तित्व विकास, प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक जिम्मेदारी, अग्रणी कौशल (पायनियरिंग स्किल्स), आउटडोर सर्वाइवल स्किल्स, विभिन्न प्रकार की गांठें बांधने और उनके व्यावहारिक उपयोग जैसी गतिविधियां शामिल थीं। महाविद्यालय रोवर्स-रेंजर्स इकाई के लीडर प्रोफेसर किरण और डॉ. रविंदर ठाकुर के मार्गदर्शन में छात्राओं ने कैंप की सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

छात्राओं ने कैंप में दिखाई प्रतिभा

बतरा कालेज की रेंजर्स जिन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण कर निपुण बैज अर्जित किया • सौ. कालेज

पालमपुर : भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में नौ से 14 दिसंबर तक आयोजित राज्यस्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप में बतरा महाविद्यालय की आठ रेंजर्स ने भाग लिया और परीक्षा उत्तीर्ण कर निपुण बैज अर्जित किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि इस तरह के कैंप विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, नेतृत्व कौशल तथा समाज सेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा साथ ही उन्हें जीवनभर के अनुभवों के लिए तैयार करते हैं। रेंजर्स लीडर प्रो. किरण ने कहा कि यह एक दक्षता स्तर का प्रशिक्षण कैंप था जिसमें रेंजर्स के लिए सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां शामिल रहीं। महाविद्यालय रोवर्स रेंजर्स इकाई लीडर प्रो. किरण तथा डा. रविंदर ठाकुर के मार्गदर्शन में छात्राओं ने कैंप में विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। (संस)

Prof. Kiran

Rangers Leader